❀ ओ३म् तत्सत् ❀

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष २ Year 2

अङ्क ४ Number 4

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर, उ० प्र०
(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मंडल
काशीराम अग्रवाल, तिनसुकिया (आसाम)
सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३)] [एक अंक का १)

प्रकाशक—श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेंट, शाहजहांपुर
उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूचीः—

विषय	लेखक	पृष्ठ संख्या
१—प्रार्थना		१
२—सम्पादकीय		२
३—वेद	समर्थ गुरु श्री रामचन्द्र जी, फतेहगढ़	८
४—लक्ष्य और साधन	श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्रीरामचन्द्र मिशन	१३
५—अनन्त यात्रा		१७
६—भजन	कबीरदास	२२
७—सहज मार्ग की साधना	काशी राम अग्रवाल	२३
८—'जाने क्या बात है साक़ी, तेरे मैखाने में' (ग़ज़ल)	परिव्राजक विष्णु जी विष्णु स्वामी 'सदा'	२६
९—विश्वास और बुद्धि	कु० केसर चतुर्वेदी, एम. ए., एल. टी. लखीमपुर–खीरी	३०
१०—वैराग्य	कु० कस्तूरी चतुर्वेदी 'सन्ध्या' लखीमपुर–खीरी	३२
११—गुरुस्तवनम्	स्वामी विवेकानन्द	३२
12–The Problem : Its Solution	Shri Ram Chandra Ji, President, S.R.C.Mission	33
13–Religion & Spirituality	Shri Ishwar Sahai, Lakhimpur-Kheri	37
14–The System of Sahaj Marga	Shri Raghavendra Rao, Gulbarga, Mysore	44
15–Being and Becoming	Dr. K.C. Varadachari, M.A. Ph. D., Tirupati, S. I.	49
I6–The Phenomenon of Samadhi	S. P. Srivastava, Lakhimpur-Kheri	53
17–Experiences of an Abhyasi	An Abhyasi	59

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान--लाभ करो !)

वर्ष २ पौष सम्बत् २०१५ विक्रमी (दिसम्बर १९५८ ई० / जनवरी १९५९ ई०) अङ्क ४

प्रार्थना

हे नाथ तूही मनुष्य–जीवन का ध्येय है ।
हमारी इच्छाएँ हमारी उन्नति में बाधक हैं ।
तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है ।
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

[श्री रामचन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

व्यक्तित्व वाले लोगों की समष्टि की अपेक्षा है । अतः यह सुस्पष्ट है कि हमारी आधुनिक समस्याओं की दृष्टि से 'मोक्ष' का आदर्श अनुपयोगी नहीं है ।

'मोक्ष' का प्रत्यय निःसन्देह कई कारणों से रहस्यात्मक और दुर्बोध रहा है, जिसका उत्तरदायित्व उसे व्यावहारिक साधना के स्तर पर ग्रहण न कर के केवल पांडित्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने वालों पर है । इसी दुर्बोधता के परिणामस्वरूप उत्पन्न कुछ भ्रान्तियों का निराकरण कर लिया जाना चाहिए ।

(१) मोक्ष की स्थिति निष्क्रियता की स्थिति कही जाती है । जो किसी बात से विचलित नहीं होता, और जो किसी व्यक्ति या वस्तु को विचलित नहीं करता, जो आशा, हर्ष, अमर्ष, भय, क्रोध आदि से परे है उसे अनेक मानवतावादी लोग जड़ पाषाण की संज्ञा प्रदान करने को तैयार हो जायेंगे । किन्तु आवेगों, अभिवृत्तियों आदि पर नियंत्रण प्राप्त कर लेने का अनिवार्य अर्थ निष्क्रियता नहीं। भारतीय संस्कृति के इतिहास में बुद्ध और कृष्ण आदि अनेक ज्ञात और अज्ञात व्यक्तियों के उदाहरण वर्तमान हैं, जिनके द्वारा मुक्ति के आदर्श की प्राप्ति के बाद महान कार्य सम्पन्न हुए । वास्तविकता यह है कि ऐसे आदर्श को प्राप्त कर लेने वाला व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन अधिक दक्षतापूर्वक करता है, किन्तु वह उनके भार और बन्धन से मुक्त होता है, क्यों कि उसका दृष्टि कोण इतना विस्तृत हो जाता है कि वैयक्तिक स्वार्थों की प्रेरणा के प्रति उसका कोई मोह शेष नहीं रहता । यह बात मोक्ष प्राप्ति के साधन पर विचार करते समय अधिक स्पष्ट होगी ।

(२) 'मोक्ष' के विषय में दूसरी भ्रांति यह है कि चेतना की ऐसी स्थिति मृत्यु के बाद प्राप्त होती है । यहां वास्तविक मनोवैज्ञानिक समस्या के संदर्भ में 'मोक्ष' का महत्व विकसित किया गया है अतः केवल इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि बुद्ध, कृष्ण, कबीर, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, और स्वामी विवेकानन्द आदि अनेक व्यक्तियों के उदाहरण हैं, जिन्होंने चेतना की उस प्रशान्त स्थिति का अनुभव शारीरिक अस्तित्व के नष्ट होने से पूर्व ही किया है ।

'शरीर की क्रिया के अवसान के बाद व्यक्ति का अस्तित्व किसी रूप में शेष रहता है या नहीं'—इस प्रश्न को अभी अलग ही छोड़ देना चाहिए, क्योंकि यहाँ हम इहलौकिक जीवन की वास्तविक समस्याओं की दृष्टि से ही विचार कर रहे हैं । एक बात की ओर इंगित कर देना अनुचित न होगा कि शरीर के विश्रंखलन के स्थूल अर्थ के अतिरिक्त 'मृत्यु' का एक आलङ्कारिक अर्थ भी हो सकता है । भाव, आवेग, अभिवृत्ति, अभ्यास आदि के द्वारा नियन्त्रित होने वाले व्यक्तित्व की मृत्यु हो जाने पर प्रशान्त चित्त की स्थिति प्राप्त होती है । पाश्चात्य नीति शास्त्र में हीगेल द्वारा प्रतिपादित 'जीवन के लिए मृत्यु का वरण करो' के सिद्धांत में मृत्यु शब्द का इसी आलङ्कारिक अर्थ में प्रयोग हुआ है । किन्तु शारीरिक मृत्यु के बाद व्यक्ति के अस्तित्व की समस्या वैज्ञानिक दृष्टि से निःसन्देह महत्वपूर्ण है; और आधुनिक विज्ञान अपने ढङ्ग से उसको सुलझाने के लिए प्रयत्नशील है । इस समस्या के विशिष्ट वैज्ञानिक ढङ्ग से सुलझाव के प्रयास में सफलता प्राप्त होने से पूर्व सच्चे वैज्ञानिकों को उसके प्रति खुला मस्तिष्क रखना ही उचित है ।

(३) आधुनिक मनोविज्ञान की व्यक्तित्व–संघटन की व्यावहारिक समस्या के संदर्भ में 'मोक्ष' का महत्व प्रदर्शित किये जाने के परिणामस्वरूप एक भ्रान्ति उत्पन्न हो सकती है कि मोक्ष–प्राप्ति की प्रक्रिया विबोध[1] द्वारा आवेगों, अभिवृत्तियों आदि के नियमन या समायोजन की प्रक्रिया है, जैसी कि मनोविश्लेषण[2] में इस्तेमाल की जाती है । दोनों प्रक्रियाओं में एक मौलिक भेद यह है कि मनोविश्लेषण में बुद्धि द्वारा भौतिक एवं सामाजिक यथार्थ के साथ चेतन और अचेतन आवेगों, इच्छाओं, अभिवृत्तियों आदि का समायोजन प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है, जबकि भारतीय साधना में चेतना के एक ऐसे वास्तविक स्तर का अनुभव प्राप्त होता है, जहाँ आवेग, इच्छाएँ, अभिवृत्तियाँ और बौद्धिक तर्क वितर्क आदि सभी अपनी स्वामित्व–प्रवृत्ति स्वतः खो बैठते हैं, यद्यपि उन में उपयुक्त अवसर पर अपना उपयुक्त कार्य करने की शक्ति शेष रहती है; बल्कि पारस्परिक संघर्ष समाप्त हो जाने पर उनके स्वस्थ रचनात्मक कार्य में वृद्धि हो जाती

1. Reason 2. Psychoanalysis

है । उदाहरणार्थ संघर्ष में संलग्न व्यक्तियों या राष्ट्रों के बीच सन्धि-स्थापन का एक प्रयास विरोधी दलों की माँगों में समझौता स्थापित कर के हो सकता है, जो आन्तरिक तनाव[1] को दूर नहीं कर सकता; किन्तु कोई वास्तविक उच्चतर उद्देश्य सामने आ जाने पर व्यापक दृष्टि उत्पन्न हो जाती है, जिस के परिणाम स्वरूप विरोध की प्रवृत्ति का स्थान अत्यन्त स्वाभाविक रीति से सहयोग की प्रवृत्ति ले लेती है। अब वह उच्चतर उद्देश्य यदि वास्तविक न हो कर इन्द्रजाल[2] मात्र हो, तो उसके द्वारा उत्पन्न संघटन भी स्थायी और स्वस्थ न होगा। अनेक उदात्तीकरण[3] इसी कोटि के हो सकते हैं। किन्तु चेतना का जो उच्चतर स्तर—योग की 'निरुद्ध चित्त भूमि' और बौद्ध 'सम्म समाधि' की अन्तिम चतुर्थ अवस्था आदि—भारतीय साधना पद्धति में उद्देश्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है, वह वास्तविक है। इस का प्रमाण बुद्ध, पतञ्जलि, शङ्कर आदि के आप्तवचन[4] हैं, जिन्हें मज़ाक बना कर टाला नहीं जा सकता। और इससे भी बड़ा प्रमाण यही है कि जिसे भी संदेह हो, उस सुनिश्चित प्रक्रिया का अनुसरण करके चेतना के उस उच्चतर स्तर का ऋजु[5] अनुभव प्राप्त कर ले। प्रयोगात्मक विधि द्वारा प्राप्त किसी भी वैज्ञानिक सत्य का प्रामाण्य इसी प्रकार निश्चित किया जाता है।

(४) अन्त में मानव जीवन के चरम लक्ष्य के रूप में 'मोक्ष' के स्वरूप के विषय में एक बात पर ध्यान देना आवश्यक है। मोक्ष की अवस्था का वर्णन 'दुःख के अत्यन्त अभाव' के रूप में किया गया है। 'दुःख' शब्द को साधारण प्रचलित अर्थ में ग्रहण करने पर मोक्ष सुख अथवा आनन्द की अवस्था मानी जायेगी। किन्तु 'विवशता से मुक्ति' के अर्थ में मोक्ष साधारण अर्थ में सुख अथवा आनन्द की स्थिति नहीं होनी चाहिए, क्यों कि सुख और आनन्द स्वयं बन्धन और विवशता उत्पन्न करता है। अतः 'दुःख' शब्द का एक व्यापक अर्थ 'बन्धन' लिया जाता है। यहाँ हमने 'मोक्ष' शब्द 'विवशता के अत्यन्त अभाव' के अर्थ में ही लिया है। सामान्यतः इसी अर्थ में 'मोक्ष' मानव जीवन का चरम उद्देश्य माना जाता है, क्यों कि

1. Internal tension 2. Jugglary 3. Subbimations
4. Authority 5. Direct

इस प्रकार का उद्देश्य अपने समक्ष रखने और उसे प्राप्त करने की सम्भावना का विकास 'मनुष्य' में ही होता है। किन्तु मानव के विकास की सम्भावना के आगे कोई विराम चिन्ह लगा देना मानव की अनन्त गरिमा के प्रति अनास्था व्यक्त करना है। मानव की महानता असीम है। मानव की वर्तमान स्थिति विवशता की है, अतः उसका निकटतम लक्ष्य 'विवशता के अत्यन्त अभाव' के अर्थ में 'मोक्ष' मानना उचित ही है। किन्तु 'विवशता का अभाव' अथवा 'संघटित व्यक्तित्व' तो किसी उच्चतर अर्जन की अनिवार्य शर्त ही हो सकता है, न कि अपने आप में कोई लक्ष्य। सहज मार्ग साधना पद्धति में 'मोक्ष' को मानव जीवन के निम्नतम और निकटतम लक्ष्य के रूप में ही स्वीकार किया गया है। ज्ञान और कार्य के क्षेत्र में मानव की सम्भावनाओं की वास्तविक उपलब्धि[1] तो बन्धनों से मुक्ति के बाद ही प्रारम्भ होती है, क्यों कि उड़ान तो पङ्ख खुलने के बाद ही होती है। 'पूर्णता' के आदर्श और 'मोक्ष' की अवस्था के बीच की स्थितियों की ओर श्री रामचन्द्र मिशन के संस्थापक-अध्यक्ष श्रद्धेय 'बाबू जी' ने अपनी पुस्तक 'Reality at dawn' के दूसरे अध्याय में इङ्गित किया है। यहाँ हम इतना ही कहेंगे कि मानव जीवन के चरम लक्ष्य के विषय में यह दृष्टिकोण मानव की अनन्त, असीम गरिमा का परिचायक है। एक उर्दू कवि के शब्दों में—

ख़याले-जाने-जाँ गर है, तो हर रफ़ाअत को ठुकरा दे
नज़र की हद सही, परवाज़ की हद आस्माँ क्यों हो !

[यदि प्रियतम अर्थात् चरम परम लक्ष्य की प्राप्ति का विचार है, तो प्रत्येक ऊँचाई को ठुकरा कर आगे बढ़। आकाश दृष्टि की सीमा भले ही हो, उड़ान की सीमा नहीं।]

—सम्पादक

●●●

1. Realization

वेद

(समर्थ गुरु श्री रामचन्द्र जी महाराज, फतेहगढ़)

[गताङ्क से आगे]

श्रुति मोहताज[1] नहीं है, स्मृति मोहताज है। श्रुति का कोई व्यक्ति खंडन नहीं कर सकता, और स्मृति का खण्डन हो सकता है। श्रुति अपना आप सुबूत[2] है, इसलिए किसी की सनद[3] की जरूरत नहीं। स्मृति अपना आप कमतर सुबूत है, अतः सनद अर्थात् दूसरे के हवाले की जरूरत है। श्रुति कभी तब्दील नहीं होती, श्रुति हमेशा तब्दील होती रहती है। श्रुति ध्वन्यात्मक होने के कारण ध्वनि मात्र है; और स्मृति ध्वनि की की नक़ल या मसनूइ[4] होने के कारण हर्फ़[5], लफ़्ज[6], ज़ुबान[7] और लहजा[8] की मोहताज है, इस लिए वर्णात्मक है। वर्ण हर्फ़ या अक्षर को कहते हैं। श्रुति में इब्तिदाई असर[9] पैदा करने का है, जिसका अर्थ ख़ुदा की आज्ञा है। श्रुति में असर फ़ना[10] का है, जो क़यामत[11] के समय आवाज़ होगी। यह शब्द रमा हुआ हर जिस्म का पालन पोषण कर रहा है। लफ़्ज़ 'श्रुति' का यह जौहर मानी–ख़ेज़–मतलब[12] है जो केवल ध्वन्यात्मक है। यह एक राज़[13] है जो बाख़बर लोग ही जान सकते हैं। आलमे–ज़ाहिर[14] और आलमे इम्बात[15] के लोग क्या समझें, मगर यह ध्वन्यात्मक शब्द को ख़याल की मुनासिबत[16] से उसके अर्थ और सूरते–ज़ाहिरी[17] जो पैदा कर सकें कर सकते हैं जैसे 'अल्लाह रे तेरी क़ुदरत', 'लहसुन प्याज़ अदरक', 'मलमल तनजेब कमरक', 'चुप रह मुर्दक'।

श्रुति–ध्वनि का एक नाम और भी आया है, जिसको 'उद्गीत' कहते हैं। 'उद्' अर्थात् 'उधर का' गीत यानी ज़ात[18] का और

१–आश्रित २–प्रमाण ३–प्रमाण पत्र ४–निर्मित ५–अक्षर ६–शब्द ७–भाषा ८–उच्चारण ९–प्रारम्भिक प्रभाव १०–मिटना ११–महाप्रलय १२–अर्थ पूर्ण अभिप्राय १३–भेद १४–दृश्य जगत १५–परिणामी जगत १६–सम्बन्ध १७–व्यक्त रूप १८–असल तत्व।

सिफ़ात[19] का, ज़ाती और सिफ़ाती, आसमानी और ज़मीनी नग़मा[20]।

'उद्गीत' की नक़ल 'ॐ' है, जो तीन अक्षरों के मिलाप से होंठ, जिह्वा और स्वर की मदद से अदा किया जाता है। 'ॐ' असली वेद तब है, जबकि उसकी क़ुदरती[21] ध्वनि सुन ली जावेगी। यह 'ॐ' एक ख़ास ख़याल की मदद से ध्वन्यात्मक से वर्णात्मक शब्द बनाया गया है—और वह ख़ास ख़याल है पैदाइश[22], क़याम[23] और वापसी यानी मौत। किन्तु केवल जिह्वा से अदा किया हुआ 'ॐ' केवल नक़ल और बुत-परस्ती[24] है, क्यों कि ख़यालो चीज़ को दिल देना बुत–परस्ती है, और ज़ात से सम्बन्ध रखना ज्ञान है। यह बुत-परस्ती क़ाबिले–मुज़म्मत[25] नहीं है क्यों कि ज़ात तक पहुँचने का ज़रिया-महज़[26] है।

(१) 'अ'–सृष्टि (आफ़रीनिश), 'उ'–स्थिति (इस्तहकाम, निज़ाम) 'म'–प्रलय (फ़ना)

(२) 'अ'–ब्रह्मा (आफ़रीदगार), 'उ'–विष्णु (कारसाज़), 'म'–शिव (फ़ना करने वाला)

'ॐ'–'ओ३म्' में ईश्वर के तीनों सिफ़ात (विशेषण) मौजूद हैं–'अ' हरकत[27] है, 'उ' हरकत का क़याम, 'म' हरकत का ख़ात्मा।

'ॐ' में हरकत की तीनों विशेषताएँ मौजूद हैं।

'ॐ' श्रुति है, उद्गीत है। अगर उसको बाक़ायदा सुन लिया जाए, तो असलियत से हमकिनार[28] हो जाए, और ज़िन्दगी का मक़सद[29] पूरा हो जाए। 'ॐ' के सुमिरन (हृदया जाप), ध्यान (तसव्वर, मुशाहिदा) और भजन (महवियत) से यह तीनों हालतें आसानी से नसीब[30] हो सकती हैं—(१) मन–हस्ती, ज़िन्दगी, जीवन की ख़ुश नुमाई और ख़ुश रवी; (२) चित–ज्ञान, इल्म, जीवन की ख़ुश इल्मी और ख़ुश वाक़फ़ियती; (३) आनन्द–प्रसन्नता, सुरूर, जीवन की ख़ुशी और ख़ुश गुज़रानी।

१९–गुणों की संहति २०–गायन २१–मौलिक २२–जन्म २३–ठहरना २४–मूर्ति-पूजन २५–धिक्कारने योग्य २६–मात्र साधन २७–कम्पन (Disturbance, Becoming) २८–भेंटना, गले मिलना २९–चरम लक्ष्य ३०–प्राप्त।

'ॐ' तो आवाज़ ही आवाज़ है । वह ध्वनि है और ध्वनि का ताल्लुक़ सिर्फ़ गाने और सुनने ही से है । यदि वह सुना जाए और बाक़ायदा गाया जाए तो सुनने और गाने वाला सच्चिदानन्द के एहसास का वारिस[३१] हो जाए, और देखते देखते कुछ का कुछ नज़र आने लगे । हर इन्सान सच्चिदानन्द है । सत् (हस्ती), चित् (इल्म), और ज्ञान या आनन्द (सुख) से कोई ख़ाली नहीं, लेकिन भ्रम और अज्ञान के कारण वह अपने आप को कुछ का कुछ मान रहा है, और मान बैठा है । यहाँ सत्संग की सहायता से इस भ्रम को दूर करने का प्रयत्न किया जाता है, और साथ ही साथ अमली[३२] तौर पर अभ्यास, साधन और शग़ल के अमल की तरकीब बता कर उस को सत् चित् आनन्द का देखना और दिखाना मद्दे-नज़र[३३] है ।

'ॐ' सिर्फ़ ध्वनि, उद्गीत, श्रुति है । इस लिहाज़ से उसको 'यों', 'स्वं', 'त्वं' वग़ैरह भी कह लिया जाये तब भी एक तरह से ग़लत न होगा । यद्यपि असली तौर पर उसकी नक़ल 'ॐ' ही है और यही ज़्यादा मौज़ूँ[३४] भी है, इससे बेहतर और कोई मेल खाने वाली आवाज़ी सूरत नहीं हो सकती । इसी वजह से उसको बीज-मन्त्र (असली इसलाह, असली तदबीर, और असली तरकीब) कहते हैं । यह असल है और बाक़ी सब इस त्रैलोक्य में उसकी नक़ल हैं ।

वेद चार नहीं हैं, सिर्फ़ तीन हैं क्यों कि 'ॐ' के अन्दर सिर्फ़ तीन क़िस्म की आवाज़ें मौजूद हैं । चार वेद सिर्फ़ निज़ामी[३५], किताबी, और तरतीबी[३६] लिहाज़ की वजह से माने जाते हैं । इस दुनिया में सिर्फ़ तीन ही बातें हैं जो क़ाबिल-अमल, क़ाबिल-पसन्द और क़ाबिल-ग़ौर हैं । (१) सत् (हस्ती) (२) चित् (ज्ञान) , और (३) आनन्द (राहत और सुरूर) ।

दुनिया में सिर्फ़ तीन ही ज्ञान, तीन ही ज़िन्दगी और तीन ही ख़ुशी हैं—

१-ज़िन्दगी या हस्ती तीन प्रकार की है:—सच्चिदानन्द=सत् (अमली), चित् (इल्मी) और आनन्द (शरई)

२-ज्ञान या इल्म भी तीन प्रकार का है:—सच्चिदानन्द=सत् (ज़िन्दगी का ज्ञान), चित् (ज्ञान का ज्ञान), आनन्द (ख़ुशी का ज्ञान) ।

३१-अधिकारी ३२-व्यावहारिक ३३-अभिप्रेत ३४-उचित ३५-व्यवस्था ३६-क्रम ।

३-ख़ुशी या सुख; यह भी तीन प्रकार का है:—सच्चिदानन्द=सत् (ज़िन्दगी का सुख), चित् (जानने का सुख), और आनन्द (सुख का सुख)

वेद क़ाबिल-तरदीद[३५] है, क्यों कि वेद मन्त्र, श्रुति, उद्गीत तो वास्तव में 'ॐ' है । उस में तवारुद[३६], तअद्दुद[३७] और इन्सान के दिली जज़्बात[३८] भी शामिल रहते है । अत: लफ़्ज़-बन्द[३९] करते या होते वक़्त उनमें इस क़दर फ़र्क़ आ जाया करता है । मिसाल:-एक एकाई जमा[४०], तफ़रीक़[४१], ज़र्ब[४२], तक़सीम[४३] के सिद्धान्तों के अन्तर्गत लम्बे-चौड़े और छोटे-मोटे हिसाब का रूप धारण करती है । सारा हिसाब उलट-फेर और तकरार[४४] के बावजूद[४५] भी केवल एकाई है, और एकाई ही की सूरत रखता है । जिस तरह पानी विभिन्न तदबीर और रास्ते से गुज़रने और गुज़ारे जाने पर फ़व्वारा, चश्मा, तालाब, नदी, समुद्र, आदि बनता हुआ फिर भी पानी का पानी ही रहता है; जिस प्रकार बीज अपने अन्दर जड़, पेड़, शाखा, पत्ते, कोपल, फल, फूल रखता है, और इन विभिन्न शक्लों से गुज़रता हुआ बीज का बीज होता है, और उसी असली और पहली शक्ल में परिवर्तित होता हुआ अन्त में बीज ही सिद्ध होता है, वैसे ही यह लफ़्ज़ 'ॐ' शब्द होने पर भी 'ॐ' का 'ॐ' ही रहता है । 'ॐ' की इस तकरार-एआद[४६] से वेद की किताबों के छन्द, मन्त्र आदि बन गए । चूँकि इस लफ़्ज़ के अदा करने में इन्सान के दिली जज़्बात भी शामिल रहते हैं, अत: उस के असरात[४७] में भी रक़ीक़-उल-क़लबी[४८], सख़्ती, नरमी, ज़ोर, आहिस्तगी, दोस्ती, दुश्मनी आदि का प्रभाव आ जाता है, और वह इन्सान की कुव्वते-इरादी[४९] को शक्ति प्रदान कर विभिन्न प्रकार की सिद्धि, शक्ति, मोजज़ा[५०] और आदत में भी परिवर्तित होती है ।

इस मन्त्र के जाप का तरीक़ा है । ज़रूरत है कि जो मन्त्र जिस इरादे से पढ़ा जाये, उस का लब-व-लहजा[५१] भी ख़ास क़िस्म का

३५-शुद्धि के योग्य ३६-घटना-गुण ३७-सख्या--गुण ३८-भावनाएँ ३९-शब्द-बद्ध ४०-जोड़ (धन) ४१-घटाना (ऋण) ४२-गुणा ४३-भाग ४४-विरोध ४५-होते हुए ४६-सन्धि-विरोध ४७-कार्य (Effects) ४८-मानसिक आर्द्रता ४९-इच्छा-शक्ति, सर्म हा (Will power) ५०-चमत्कार ५१-उच्चारण ।

हो, तब ख़ास क़िस्म का असर पैदा होगा। यह सिद्धान्त इल्म-मौसीक़ी अर्थात् संगीत-विद्या की जान है। दिल के अन्दर ख़ास ख़याल रख कर बाक़ायदा किसी एक लफ़्ज़ को पढ़ो, गाओ, सुनाओ, और ख़ास क़िस्म का असर पैदा होगा।

बादल का पानी तो पानी ही है। बार बार बूँदों के रूप में गिरने पर पत्थर को एक विशेष रूप देता है, और जहाँ जैसी ज़मीन होती है और उसके अन्दर जैसे बीज हों, उन्हीं को ताक़त दे कर ज़ाहिर करेगा। हवा तो हवा ही है। वह मरीज़ का मर्ज़, तन्दुरुस्त की तन्दुरुस्ती, प्रसन्न व्यक्ति की प्रसन्नता और आजुर्दा दिल[५२] की आजुर्दगी को बढ़ा देगी। यही कैफ़ियत तमाम अनासिर[५३] की और अनासिर से बने हुए साज़-व-सामान की है। इसी प्रकार 'ॐ' की विभिन्न प्रभाव उत्पन्न करने की हालत को समझो। गाने की मिसाल ले लीजिए-'ॐ' के अन्दर इन्सान के बातनी-तसव्वर[५४] का भेद छिपा रहता है। अब एक लफ़्ज़ की तकरार-एआद से छन्दों अर्थात नज़्मों में इख़्तसार[५५] और तवालत[५६] होती है। घंटे से एक आवाज़ 'टन' निकलती है। इसे एक बार बोलो तो केवल 'टन' है, दो बार 'टन' 'टन' है, तीन बार 'टन' 'टन' 'टन' है। 'ॐ' उम्म-उल्-सदा अर्थात तमाम आवाज़ों की माँ है। तुम्हारी डकार, छींक, उबासी तक में तो यह मौजूद है। जहाँ कोई आवाज़ सुनो, और दिल उसमें लगा दो—घंटा, शङ्ख, बाँसुरी, तबला, पखावज आदि से भी वही आवाज़ निकलती है। ऋषियों ने ख़ूब सोच समझ कर इस की इशाअत[५७] की है।

जब मन्त्रों का ज़माना आया तो लोग असलियत को खो बैठे, लेकिन मुतक़द्दमीन[५८] के कलाम[५९] में एतक़ाद[६०] रखने के कारण वह मन्त्रों को ही श्रुति मान कर उस ख़याल को श्रद्धा पूर्वक पुष्ट करते रहते हैं।

[अपूर्ण—शेषांश अगले अङ्क में]

५२-विक्षिप्त चित्त वाला व्यक्ति ५३--तत्व ५४-- आन्तरिक ख़याल ५५-संक्षेप ५६-विस्तार ५७-प्रकाशन ५८-पूर्वज ऋषि ५९-कथन ६०-निष्ठा

लक्ष्य और साधन

(श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष, श्रीरामचन्द्र मिशन)

मैं ममझता हूँ कि कमाल[१] इसी में है कि शुरू से ही कमाल[२] को लक्ष्य किया जाये और आख़िर में बस यही रह जाये। यही ज़िन्दगी का मक़सद है-हब्बुल-अव्वल हब्बुल-आख़िर[३]। यही उरूज[४] है व नुज़ूल[५] है; और भाई यही मुख़्तसिरन[६] शुरू में है और आख़िर में भी। यही चीज़ निराकार और साकार से परे है। यही वह कैफ़ियत है जहाँ पर कि आदमी जब तक कि इसका एहसास रखता है, हैरत[७] में रहता है। हैरत एक ऐसी चीज़ है कि जिसमें पैदा हो गई चीज़ें ख़ुद ब ख़ुद खुलना शुरू हो जाती हैं। चेतना की उच्च स्थिति (Super conscious state) जब नसीब होती है तो इस हैरत के औज़ार से प्रकृति (Nature) के मुआमलात और बहुत से उक़्दे[८] खोल देती है। पहली हैरत की बुनियाद यह होती है कि इन्सान अपनी ठोसता की हालत और सूक्ष्मता की हालत से मुक़ाबला अज़ख़ुद[९] करने लगता है। जब उस को यह अच्छी मालूम पड़ने लगती है तो फिर उसी में पड़े रहने को जी चाहता है, मगर मालिक की तवज्जह[१०] का यह असर होता है कि उस चीज़ में मुबरी[११] की शक़्ल अख़्तियार करती है, लोच और नर्मी बढ़ाती जाती है। यह लोच और नर्मी अपेक्षत: ज़्यादा सूक्ष्म होती है और इन्सान जब इसमें घुसता जाता है, बेरूनी असरात[१२] जो उसके ख़ुद पैदा किये हुए हैं, उस तरफ़ से अदम-तवज्जही (unmindfulness) हो जाती है। उस का जी उस अन्दरूनी हालत में ही रहना चाहता है। रहते रहते जब उसकी उपच की सूरत ज़्यादा बढ़ती है तो ठोसता से बेख़बर होने लगता है, यहाँ तक

१-उत्कृष्टता २-अन्तिम अवस्था ३-जो प्रारम्भ में है, वही अन्त में है। ४-उच्च पद ५-निम्न पद ६-संक्षेप में ७-आश्चर्य ८-भेद, ग्रन्थियाँ ९-स्वयं १०-प्राणाहुति ११-हल्कापन १२-बाह्य प्रभाव।

कि यह मंज़िल आ जाती है कि वह उसी में रहना और बसना शुरू कर देता है। दूसरे शब्दों में अगर उसको सालोक्यता की हालत कह लिया जावे तो ज्यादा मौजूँ होगा। इसकी मोटी पहचान यह है कि जब यह सालोक्यता की हालत शुरू होती है तो उसको ऐसा आराम मिलता है जैसे एक धूप का चला हुआ मुसाफ़िर बबूल के दरख़्त के साये के नीचे आराम महसूस करता है। जितना सम्बन्ध उस लोक से होता जाता है उतना ही आराम और सुकून[13] क़ायम रहता है और यह एहसास जगता हुआ मौजूद होता है कि मेरी पैदाइश आलमे-बाला[14] में हो चुकी है। इसका ख़याल पहले से बाँधना जबून[15] है। हमको ख़याल अपने मक़सद की तरफ़ रखना चाहिए।

दुनिया में सुकून और शान्ति की बड़ी तारीफ़ है। यक़ीन जानिये कि मैं बीस साल तक बेचैन रहा हूँ और इस बेचैनी में जो सोज़[16] व गुदाज़[17] था, सुकून में नहीं मिलता। यही एक चीज़ है जो रास्ता बनाती है और मंजिल तक पहुँचा कर ख़ामोश हो जाती है। अगर शुरू से यह हालत किसी में पैदा करना शुरू कर दूँ तो वह यही कहेगा कि मैंने सुकून व शान्ति के लिए पूजा शुरू की थी, किन्तु बढ़ रही है बेचैनी। नतीजा यह होगा कि मुमकिन है कि मेरी शक्ल से मुतनफ्फिर[18] हो जावे। मजबूर हूँ। इस लिए मैं यह कहता हूँ कि यह हालत ईश्वर करे ख़ुद ब ख़ुद पैदा हो जावे। ज़रा इसका मज़ा लेकर तो देखें। मेरी समझ में इसके मुक़ाबले में हज़ारों सल्-नतें हेच[19] हैं। अगर मैं इसकी व्याख्या करूँ तो आप आश्चर्य करेंगे कि यह वह ख़ामोश हरकत[20] है जो शुरू में मथ मथाकर कायनात[21] को ज़हूर[22] में लाई। गोया इस तज़लज़ुल[23] से हमारा वजूद[24] हुआ। अब हम असल भंडार में अगर अपनी वापसी चाहते हैं तो इस चीज़ को अख़्तियार करके उसी रास्ते होकर जायें, जिससे हम आये हैं। इसके बाद जो बेचैनी बढ़ी वह अपनी पैदा की हुई है, इस लिए कि हम असल से जो ताक़त अपने साथ लाये हैं उसके इस्तेमाल से हमने जो कुछ भी किया है वह ज़ाहिर है।

१३–शान्ति १४–परलोक १५–बुरा १६–जलन १७–पिघलना १८–घृणा करने वाला १९–नगण्य २०–गति २१–सृष्टि २२–व्यक्त रूप २३–कम्पन २४–अस्तित्व।

अब उसी को उलट देना है ताकि रास्ता सीधा मिल जाये। जब हम इस रास्ते पर पड़ जाते हैं तो वह असल तज़लज़ुल, जिसको मैंने बेचैनी के नाम से कहा है, उससे मिल-मिलाकर हम एक प्रकार से अपने में ताक़त महसूस करने लगते हैं, जो ख़ालिस है। यह चीज़ शब्द की झनकार भी है जो कि ठोसता के साथ मिलने से पैदा होती है मगर यह आवाज़ ख़ामोश कही जाती है। रास्ते के सिरे पर पड़ जाने से यह चीज़ खुलने लगती है। इसकी पहचान भी यह है कि जहाँ शब्द का एहसास शुरू होगया तो समझ लेना चाहिए कि रास्ते पर पड़ गए। अक्सर लोगों को इस रास्ते पर एक दम से भी डाला जाता है। ख़ैर यह तालीम-कुनिन्दा[25] पर मुनहसिर[26] है। जैसा वह मुनासिब समझे करे।

इस बेचैनी को, ज़रा आगे बढ़ने पर सूफ़ी महात्माओं ने 'दर्द-दिल' कहा है, यानी जब यह बेचैनी तड़प की शक्ल अख़्तियार करले:—

'तमन्ना[27] दर्द-दिल की हो, तो कर सोहबत फ़क़ीरों की,
नहीं मिलता है ये गौहर[28] शहनशाही ख़ज़ानों में, ॥

मेरे इस सब कहने का निचोड़ यह है कि:—

'दिले मन बाग़बाने इश्क़ व हैरानी गुलिस्तानश।
अज़ल दरवाज़ए बागो अबद हद्दे खयाबानश ॥*

अब या तो इन्सान इस हालत में मुहब्बत करते २ पहुँच जावे या इस हालत के लिए अपने आप को मालिक के सुपुर्द कर दे। आप यह सवाल ज़रूर करेंगे कि वह Practical exercise कौन सी हो सकती है? इसके उत्तर में एक कहानी इस प्रकार है। एक बादशाह शिकार-गाह में मौजूद था। नमाज़ का वक़्त आया-मसलह[29] बिछाया गया और वह नमाज़ पढ़ने लगा। इत्तफ़ाक़ से एक औरत

२५–गुरु २६–निर्भर २७–इच्छा २८–मोती *मेरा हृदय उसके प्रेम और आश्चर्य के बाग़ का माली है। सृष्टि का आदि उस बाग़ का दरवाज़ा है, और सृष्टि का अन्त उसके बाग़ीचे की सीमा है। २९–नमाज़ का बिछौना।

उधर से निकली । वह शाही-मसलह रौंदती हुई वहाँ से चली गई। बादशाह को यह बात बड़ी नागवार हुई मगर चूँकि नियत बाँध चुका था जिसका तोड़ना मुनासिब न था, कुछ न कहा । नमाज से जब फ़ारिग़ हुआ तो वह औरत फिर वहाँ से गुज़री । बादशाह ने कहा "तू कैसी नादान औरत है कि तूने नमाज़ के वक़्त एक बादशाह का मसलह रौंद डाला और तुझे ख़तरे का ख़याल पैदा न हुआ ?" उसने जवाब दिया कि मैं अपने यार से मिलने के लिए इस क़दर बेचैन थी कि मुझे यह ख़बर न हुई कि एक बादशाह का मसलह बिछा हुआ है और वह इस वक़्त नमाज़ में है । मेरा मुहब्बते-मजाज़ी[३०] में जब यह हाल था तो ताज्जुब है कि तुझको यह ख़बर कैसे होगई जबकि तू हक़ीक़त[३१] के लिए सर-ब-सजूद[३२] था ।"

ग़ौर फ़रमाइए कितना अच्छा नतीजा इससे निकलता है । उस औरत की बेक़रारी अगर किसी बादशाह को नसीब हो जाती तो उसकी भी हालत यही हो जाती कि सल्तनत के होते हुए, वह उससे बेख़बर हो जाता । बेख़बरी से मेरा मतलब सिर्फ़ यह है कि लगाव उस तरफ़ न रहता और काम होता रहता । यह एक हालत है जो जब संस्कार बनना बन्द हो जाते हैं तब पैदा हो जाती है । वाक़ई तौर पर इस ख़िरमने-कायनात[३३] में सिर्फ़ मुहब्बत ही ऐसी चीज़ है जिससे सब कुछ हो सकता है और ईश्वर से मिलने का यही एक रास्ता है । जब बेक़रारी के साथ मुहब्बत का उरूज[३४] होता है तो हर चीज़ ख़ुद ब ख़ुद जलकर ख़ाक होने लगती है और यही एक चीज़ है जिससे Self surrender हो सकता है । उसको याद ऐसी होनी चाहिए कि फिर अपनी भी याद न रहे । यहाँ तक कि याद की भी याद बाक़ी न रहे ।

अब रहा यह सवाल कि बे-नक़ाब कैसे हों ? सहल नुस्ख़ा यह है कि यक़ीन और faith हर ख़याल के पर्दे को चाक कर देती है और जब यह चीज़ पूर्ण रूप में पहुँच जाती है तब बे-नक़ाबी की हालत पैदा होने लगती है । Devotion दर हक़ीक़त उसके बाद ही से शुरू होता है ।

मैंने मुख़्तसिरन यह तहरीर करा दिया हालाँ कि इसमें की एक एक चीज़ ऐसी है कि वरक़ के वरक़ रंगे जा सकते हैं ।

—एक अभ्यासी के पत्र से उद्धृत ।

३०--सांसारिक प्रेम ३१--वास्तविक तत्व ३२--सिजदे में सिर झुकाए हुए ।
३३-विश्व का ख़लिहान ३४--विकास ।

अनन्त यात्रा

[इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत कर के ब्रह्म-विद्या को सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सुलभ करना है । एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र-व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है । पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किए जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जा रही हैं ।————सम्पादक]

(पत्र संख्या ११)

परम पूज्य श्रद्धेय 'श्री बाबू जी' के
चरणों में सादर प्रणाम ।

आशा है आप आराम से पहुँच गए होंगे । आपके यहाँ आने से सब लोगों को बहुत लाभ हो गया तथा शान्ति भी बहुत मिली । मैं आपको लिख चुका हूँ कि मेरी दशा कुछ भूली सी रहती है । लगभग पाँच महीने से तो ईश्वर की कृपा से शायद एक क्षण को भी मेरा मन अशान्त नहीं हुआ, परन्तु अबकी से आप न जाने कौन सी चीज़ हृदय में भर गए हैं कि उसको मैं बतला नहीं सकता हूँ । केवल इतना कह सकता हूँ कि आजकल की दशा मुर्दे की तरह है । 'ॐ' को अपने हृदय की धड़कन में सुनने को जो आपने कहा था वह कभी उँगलियों में और कभी पीठ में भी होता है । आपके पास यहाँ जिस दिन मैं अन्तिम बार गया था उसी दिन से मुझे अपनी दशा बहुत अच्छी मालुम पड़ती है, परन्तु क्या अच्छी है यह नहीं मालूम है । उस दिन रात्रि में थोड़ी देर मैं ध्यान में बैठ गया था तो न जाने कहाँ से यह आवाज़ आई कि "इतनी मेहनत मत करो" ।

पूज्य श्री बाबू जी, मैंने जो उपरोक्त दशायें लिखी हैं वे सब केवल मेरे मालिक की ही अहेतुकी कृपा एवं आपके आशीर्वाद और कृपा का ही फल है । मुझको तो आप जानते ही हैं कि साधना,

भजन कुछ बन नहीं पड़ता है। बस प्रार्थना उस जगदीश्वर से यही है और आपसे भी यही थी और रहेगी कि तव कृपा से जल्दी से जल्दी मेरी परम आत्मोन्नति हो एवं ईश्वर में मेरा अनन्य और निष्काम प्रेम हो। मैं 'उसकी' ही याद में बेचैन रहूँ इसके लिये जो कुछ भी बन पड़ेगा करूँगा।

आपकी दीन हीन संतान

.....

(पत्र संख्या १२)

'श्री बाबू जी' का उत्तर'

प्रिय.....

आशीर्वाद।

पत्र मिला—खुशी हुई। ईश्वर का धन्यवाद है कि तुम्हारा रुजहान उसकी तरफ़ हो रहा है। ईश्वर तुमको खूब रूहानी तरक्की देवे। तुमने जो कैफ़ियत शान्ति की लिखी है, वह अच्छी है, मगर इस शान्ति में अगर बेक़रारी न हो तो ऐसा है जैसे अच्छे भोजन में नमक न डाले। कैफ़ियत अपनी लिखते रहा करो। मुर्दे की सी दशा जो तुमने लिखी है, इसका जवाब मैं बहुत दिनों बाद दूँगा अगर याद रही। इस पर अभी ज्यादा लिखना मुनासिब नहीं समझता। एक खत में किसी हालत के बारे में पहले भी यही लफ़्ज़ लिख चुका हूँ कि फिर जवाब दूँगा। अगर इनको किसी डायरी में नोट कर लो, मुमकिन है कि मुझे याद दिलाने पर याद आजावे। तन्दुरुस्ती तुम जहाँ तक हो सके अपनी बनाने की कोशिश करो, यह बात बहुत आवश्यक है।

—तुम्हारा शुभचिन्तक

रामचन्द्र

(पत्र संख्या १३)

पूज्य तथा श्रद्धेय 'श्री बाबू जी' के

चरणों में सादर प्रणाम।

मेरा एक पत्र आपको मिला होगा। मैंने उस पत्र में जो दशा लिखी थी उसकी जगह क़रीब नौ, दस दिन से जो दशा अब मेरे

प्रभु ने मुझे प्रदान की है वह मेरी बहुत ही प्रिय वस्तु है। जो रोना मुझे कभी कभी आता था, एवं जो बेचैनी मुझे कभी कभी होती थी और जिसकी भीख अपने प्रिय 'दातार' से नित्य प्रति माँगा करता था, वही बेचैनी, वही रुलाई इधर नौ, दस दिन से मेरी हर समय की संगिनी होगई है। इस रोने में कितना आनन्द आता है कि जी ही नहीं भरता; और जब क़ाबू कर के कुछ काम करने लगता हूँ तो भीतर ही भीतर सिसकियाँ उठती हैं। अब यह दशा है कि जब रोना बन्द हो जाता है तो बेचैनी बहुत होने लगती है। परन्तु कल से दोनों दशाएँ कम हो गई हैं, और हृदय में बहुत हल्कापन तथा शान्ति भी बहुत मालूम पड़ती है। वैसे तो जो दशा 'मालिक' देगा वह सिर माथे मंजूर है परन्तु जितना आनन्द उन दो दशाओं में है उतना मुझे शान्ति में भी नहीं आता है। मैं तो इन दोनों रत्नों को हृदय में छिपा कर रखूँगा, और आपसे भी यही बिनती है कि जब कभी ईश्वर से इस दीन के लिए आप कुछ माँगें तो ये दो चीजें ही मुख्यतः माँगें।

मैंने जो दशाएँ ऊपर लिखी हैं वे केवल आपके आशीर्वाद व अहेतुकी कृपा एवं पूज्य.....की मेहनत का ही फल है। मेरी एक प्रबल इच्छा है कि मैं और मेरे की जगह केवल एकमात्र ईश्वर ही रह जाये, और सब नष्ट हो जाये।

आपका कृपा-पत्र अभी मिला। आपका आशीर्वाद सदा मेरे सिर पर है। अब कोई शक्ति ऐसी नहीं है जो मुझे एक क्षण को भी ईश्वर की याद से अलग कर सके। मुझ में प्रेम तो बिल्कुल भी नहीं है क्यों कि मैंने सुना है कि सच्चे प्रेम में, मैं और मेरे का सदा के लिए विनाश हो जाता है। देखें वह परम पिता जगदीश्वर शायद कभी मुझ ग़रीब को भी अपना सच्चा प्रेम प्रदान करे। मैं डायरी में दोनों बातें नोट कर लूँगा।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या १४)

'श्री बाबू जी' का उत्तर'

प्रिय.....

आशीर्वाद ।

पत्र मिला–खुशी हुई । ईश्वर तक पहुँचते पहुँचते जाने कितनी दशाएँ परिवर्त्तित होती रहती हैं । यह हालतें प्रत्येक अभ्यासी पर गुजरती हैं । लगन अगर अच्छी है तो अक्सर दशाएँ feel होती हैं । तुम्हारे खत मैं रखता जाता हूँ । हर दशा पर एक एक कर के प्रकाश डाला जा सकता है, मगर मैं उस वक़्त इन दशाओं को लिखना चाहता हूँ जबकि दशाएँ बहुत कुछ पार होकर ऊँचे उठ जाओ । ईश्वर से कुछ दूर नहीं, वह सब कुछ कर सकता है । हमारी भूल यह है कि उसको अपने पास होते हुए भी अनुभव नहीं करते ।

तुम्हारा शुभचिन्तक
रामचन्द्र

(पत्र संख्या १५)

पूज्य तथा श्रद्धेय 'श्री बाबू जी' के,

चरणों में सादर प्रणाम ।

मेरा एक पत्र आपको मिला होगा । पूज्य.....से मालूम हुआ कि कोई लिखने वाला न होने के कारण आप उत्तर न देसके । ता: १ से दशा में कुछ बढ़ती मालूम हुई है, इस लिए अब लिख रहा हूँ । उस दिन रात को क़रीब आठ बजे ऐसा मालुम हुआ कि कहीं से Sitting आरही है । मैं पूजा में बैठ गया, उस दिन की तरह आज तक मुझे कभी भी Sitting नहीं मिली । मैंने अगले पत्र में शायद शिथिलता के बारे में लिखा था परन्तु उस दिन तो ऐसा लगा जैसे भीतर से किसी ने मन तथा इन्द्रियों को बिल्कुल बेकार ही कर दिया है । Sitting के बाद कुछ शिथिलता मालूम होने लगी । फिर १० या साढ़े दस बजे सो गया तो स्वप्न देखा कि "'आप' तथा पूज्य..... बैठे हुए हैं । मेरे हाथ में दाने निकले हुए हैं,

'आपने' कहा कि 'लाओ तुम्हारे दाने अच्छे कर दें' । सच ही 'आपके' पावन करों के लगाते ही सारे दाने ठीक हो गये तथा फिर आपने मुझसे Sitting में बैठ जाने को कहा । आपने स्वप्न में न जाने कितनी देर पूजा करवाई ।" जब आँख खुली तो जो मुर्दे की सी दशा मेरी कभी कभी कुछ मिनटों के लिए होती थी उस दिन क़रीब दो घटे तक तो शरीर का कोई भाग हिल नहीं सकता था और ऐसा मालूम पड़ता था कि शरीर मानों निष्प्राण है । फिर तो ५, ६ दिन तक दिन में या रात में भी, ध्यान देने पर मुर्दे की तरह मालूम पड़ता था । अब तो यह दशा है कि प्यारे ईश्वर के बिना अब रहा नहीं जाता । अब तो जल्दी ही कृपा करके मेरे ईश्वर से मिला दीजिए । यह हृदय अब 'उसके' लिए बहुत बेचैन हो रहा है, एवं 'उसके' पाने के लिए तड़प उठा है । क्या 'मालिक' तक अभी इस दीन की खबर नहीं पहुँची है ? यदि नहीं, तो आप कृपया शीघ्र ही मुझे 'उस' तक पहुँचा दीजिए । ऐ 'मालिक' मैं तुझ में विलीन हो जाऊँ, मेरा कोई अस्तित्व न रह जावे । केवल 'तू' ही रह जा और मेरा अतिशय प्यारा होजा ।

जैसे एक छोटा अनजान बालक शाम को सिवा अपनी माँ के और किसी के पास नहीं रहना चाहता, उसी प्रकार मैं भी इस संसार रूपी 'शाम' में बिना ईश्वर रूपी माँ के नहीं रह सकता । इस हृदय को चीर कर यदि 'वह' देख ले तो शायद इतनी देर न लगाये । मेरी तो प्यारी माता, पालक पिता तथा आत्मशिक्षक गुरु सब कुछ ईश्वर ही है । मेरे 'श्री बाबू जी', अबकी हृदय के उद्वेग को न रोक सकने के कारण जो कुछ लिख गया हूँ अनुचित हो तो कृपया क्षमा कर दीजियेगा ।

मैं तो यही कहूँगा कि मुझमें सच्ची लगन नहीं है, प्रेम नहीं है । नहीं तो 'आपने' लिखा था कि सच्ची लगन वाले के लिए ईश्वर अत्यन्त समीप है । क्या करूँ, जो अग्नि अन्दर धधकती रहती है वह कभी कभी ऊपर उभर आती है । वैसे दशा तो अब मेरी यह होगई है कि चाहे Sitting लूँ या न लूँ, बस ज़रा याद आजाने पर ही मन स्वत: ही इतना तेज़ लग जाता है, जैसे हाथ या पैर कुछ देर एक सी दशा में रखने से सो जाते हैं, वैसे ही यह मन

व दिमाग भी सो जाता है । जैसे पहले ध्यान करता था कि "जो सब में रमा हुआ है, उस ईश्वर की मैं याद कर रहा हूँ" परन्तु अब तो ऐसा मालूम पड़ता है कि न मैं हूँ, न ईश्वर ही है परन्तु याद में मैं डूबा हूँ । तबियत में रमाव अधिक है । कभी कभी दिन में खाना खाते समय या काम करते समय भी अपने आप ही मस्त हो जाता हूँ ।

अपकी दीन, हीन, संतान

.....

(क्रमशः)

—:❀❀❀❀❀:—

❀ भजन ❀

(राग आसावरी)

अपने घर दियना बारु रे ।

नाम कै तेल सुरत कै बाती, ब्रह्म अगिन उदगारु रे ॥१॥

जग मग जोत निहार मन्दिर में, तन मन धन सब वारु रे ॥२॥

झूठी जान जगत की आसा, बारम्बार बिसारु रे ॥३॥

कहत कबीर सुनो भाई सन्तो, आपन काज सँवारु रे ॥४॥

—कबीरदास

सहज–मार्ग की साधना

(काशीराम अग्रवाल, तिनसुकिया--आसाम)

बहुत से भाइयों को यह प्रश्न बराबर बना ही रहता है कि ईश्वर–प्राप्ति का यह सहज–मार्ग कैसे हुआ । ईश्वर–प्राप्ति का मार्ग तो बड़ा ही कठिन है !!

यह प्रश्न तो अधिकतर उन भाइयों को ही उठा करते हैं, जिन्हों ने सहज–मार्ग के उद्देश्य एवं साधना पद्धति को अपना कर उसकी परीक्षा न की हो । ईश्वर कोई स्थूल एवं सीमित वस्तु नहीं है, तथा सुर्य की भाँति जमीन से नौ करोड़ तीस लाख मील लम्बा कहीं आसमान में बसा हुआ नहीं है, जो उसे प्राप्त करना कठिन समझा जावे । श्रद्धेय 'बाबू जी' ने तो अपनी पुस्तक "Reality at Dawn" में यहाँ तक लिखा है, कि लोग ईश्वर प्राप्ति जितना कठिन समझते हैं, उतना कठिन नहीं है, आज के युग में सरकारी नौकरी पाना जितना कठिन है, ईश्वर–प्राप्ति कहीं उससे भी सहज है ।

ईश्वर–प्राप्ति हमें कठिन क्यों लगती है ? इस लिए कि हमने अपने विचारों को पत्थर एवं ठोस बना लिया है । अपने हृदय पर कालिमा के (मल, विक्षेप, आवरण) पर्दे डाल लिये, तथा अपने जीवन का उद्देश्य आवश्यकता से अधिक धनोपार्जन कर ऐश आराम करना ही बना लिया; और ईश्वर क्या है, सत्य क्या है, इसको समझने की हमने आवश्यकता ही न समझी ।

हम लोगों की बुद्धि में कितनी ठोसता भरी है कि ईश्वर को आसमान का निवासी समझते हैं या मन्दिरों में रहने वाला समझते हैं । वास्तव में यह हम लोगों का अन्ध विश्वास है, कि जो सर्व–व्यापी परमात्मा है उसे स्थूल एवं एक ही जगह रहने वाला समझने लगे । मुसलमान भाई मस्जिदों में ही समझने लगे, ईसाई लोग गिरजाघर में ही तथा हम लोग मन्दिरों में ही उस भगवान को समझने लगे । अगर ऐसा न समझते तो हमें हर समय हर जगह

पाप कर्मों से भय बना रहता । अब भय इस लिए नहीं होता कि वह परमात्मा हमें यहाँ देखने कैसे आवेगा, वह तो मन्दिर में ही रहता है ।

बहुत से भाई दुनिया की भलाई के लिए हर वर्ष में एक बार विशेष कार्यक्रम बनाते हैं जैसे दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी के अवसर पर । या किसी आश्रम एवं मन्दिरों में दूर दूर से लोग आते हैं । खूब भीड़ होती है–खूब सुन्दर उपदेश होते हैं, अपने जीवन की उलझी हुई समस्याओं को सुलझाने के लिए ही अक्सर धार्मिक प्रोग्राम बनाये जाते हैं; लेकिन वहाँ पर भी अधिकतर लोग मनोरञ्जन के लिए ही जाना पसन्द करते हैं । विषय वासनाओं के रंग में रंगे रहते हैं और इधर उधर ताक कर अपने नेत्रों में गन्दगी भर कर बजाय फ़ायदा के और अधिक नुक़सान में पड़ जाते हैं । यह आँखों का दोष नहीं है बल्कि यह मन का एक रोग है ।

ईश्वर प्राप्ति के लिए आसमान की तरफ टकटकी बाँधने की भी आवश्यकता नहीं, यह केवल एक भेद मात्र है जो सच्चा पथ-प्रदर्शक हमें बतला देगा। यह तो सभी जानते हैं कि भेद वाला ताला अनजान व्यक्ति के लिए पहाड़ होता है, और वह वर्षों तक स्वयं को उसमें उलझाता रहे तो भी उसका खुलना असम्भव हो सकता है । लेकिन भेद वाले (पथ-पदर्शक) का सहारा लेकर उसका भेद क्षण मात्र में जाना जा सकता है । जो बात हमारे लिए कठिन थी, अब वह हमारे लिए सहज हो गई, इस लिए हमें "पथ-प्रदर्शक" प्राप्त होने के बाद सहज लगने लगती है। कठिनाई तभी तक है जब तक सच्चे पथ प्रदर्शक के लिए तड़प पैदा नहीं होती । ईश्वर को पाना क्या है ! उधर से मुख इधर घुमाना है, तथा अपने स्वयं के स्वरूप को पहचान लेना ही ईश्वर-दर्शन है ।

वास्तव में साधारण अर्थ में ईश्वर का दर्शन नहीं होता । जो हमें इष्ट आदि के दर्शन होते हैं वह हमारा काल्पनिक चित्र हमारे सम्मुख उसी रूप में आ जाता है, जैसा कि हम उसे चाहते हैं । उन्हें कल्पना कह लेना शायद गलत न होगा । इसी लिए निर्विकल्प समाधि का अनुभव कल्पना रहित है । ईश्वर अनुभवगम्य विषय है, अनुभव किया जा सकता है; उसका दर्शन नहीं होता–अनुभव ही सब से बड़ा दर्शन है । अनुभव उसी प्रकार किया जाता है जिस

प्रकार हमें चलती हुई हवा शरीर से स्पर्श होती हुई अनुभव होती है, मगर उसका दर्शन नहीं होता । योगी हवा के सदृश हर समय ईश्वर का अनुभव करता रहता है ।

ईश्वर-प्राप्ति हमें कठिन क्यों लगती है ? इस लिए कि मन साँसारिक विषय को अधिक चाहता है और आध्यात्मिकता की तरफ़ जाने पर मन बहाना बना कर इस से बचने के लिए यह आदेश देने लग जाता है, "नहीं, नहीं, बड़ा कठिन काम है, हम ग्रहस्थ हैं, हम ईश्वर को भला कैसे पा सकते हैं ।" ऐसा क्यों होता है ? इस लिए कि जो विश्व को देखने का शीशा या यन्त्र हृदय है उस के आगे हम लोगों ने कालिमा के पर्दे बना कर डाल दिये हैं; और नतीजा यह हुआ कि हमें प्रकाश मिलना बन्द हो गया, तथा अपने बनाये हुये दायरे के अन्दर ही रह कर आवश्यकता से अधिक सम्पत्ति प्राप्त करना, खूब ऐश-आराम करना ही जीवन का उद्देश्य बना लिया । और सहज चीज़ कठिन दिखाई देने लगी । परिणाम यही हुआ कि असली पूजा की पद्धति को छोड़ बैठे और बनी लकीर को पीटना शुरू कर दिया । नतीजा यह हुआ कि वर्षों लकीर पीटी फिर भी सर्प न मिला; जीवन भर पूजा की फिर भी भगवान न मिला ।

सहज-मार्ग में, जहाँ तक अनुभव किया, बहुत ही सूक्ष्म साधनों द्वारा बड़ी सरलता पूर्वक मानव अपने उद्देश्य की प्राप्ति कर सकता है । यह तो आधुनिक युग की चाल है कि लोग आध्यात्मिकता को समझना एवं उस पर चलना नहीं चाहते, तथा अपना धर्म दूसरों को सताने में एवं अपना स्वार्थ पूरा करने में ही समझने लगे । यह तो समर्थ सद्गुरु की अपार कृपा का फल है कि अपने अनुभव द्वारा बहुत कुछ रास्ता काट-छाँट कर सहज बना दिया ताकि लोग कठिन और असम्भव कह कर सच्चे मार्ग से अलग न हो बैठें, तथा उन्हें अपनी आन्तरिक-शक्ति द्वारा समय समय पर मदद बराबर देते रहते हैं। उस आन्तरिक शक्ति को अंग्रेजी में Transmission Power कहते हैं । सिखाने वाले में यह (Transmission Power) अगर है तो फिर वह मार्ग मुश्किल नहीं रहता बल्कि सहज कहा जा सकता है। सहज-मार्ग कोई पंथ नहीं है । इस में हर एक धर्म वाला साधनों द्वारा अपना जीवन सुलझा सकता है । सब का उद्देश्य एक ही है । यह

पंथाई झगड़े भाषा का अन्तर होने से ही होते हैं । संसार एक शीशे का घर है जो एक व्यक्ति होने पर भी हज़ारों दृष्टिगोचर होते हैं, बस यही भूल भुलैया का भेद है जो हमें जानना है ।

जब वैराग्य की दशा आती है तो यह एक चमत्कार है कि सब ग्रहस्थी के काम ज्यों के त्यों होते रहते हैं तथा शरीर के कपड़े फाड़ना, जल में डूब जाने की तबियत करना, आत्मघात को दिल चाहना, कहीं जंगलों में चले जाना आदि हालत गुजरने पर भी उसे मीठी मीठी आन्तरिक शक्ति की सेंक मिलती रहती है, जिस से वह अपने शरीर को भी हानि नहीं पहुँचा सकता, तथा ग्रहस्थी के कामों में भी अड़चन नहीं पड़ती । काम हाथों से होता रहता है दिल, अन्दर से जलता रहता है, फिर भी संसार वालों से खूब बात-चीत बोल-चाल रखता है, दूसरा जान भी नहीं पाता कि इस के दिल का क्या हाल है, यह बिना धुएँ की आग है ।

ऐसे योग को ग्रहस्थ-योग कह लेना किसी हद तक ठीक ही होगा, हमारे ग्रहस्थी के काम भी होते रहते हैं तथा अपने उद्देश्य की प्राप्ति भी सहज में कर सकते हैं । एक विशेषता यह भी है कि अभ्यासी को सहज-समाधि की दशा कुछ समय के बाद बराबर ही बनी रहती है, चलते-फिरते उठते-बैठते खाते एवं विश्राम करने पर भी बराबर बनी रहता है तथा चेतनता एवं समाधि-अवस्था दोनों समान रूप से बराबर चलती रहती है, जिस से हमें ग्रहस्थी के कामों में भी अड़चन नहीं आती तथा हालतों का अनुभव भी प्राप्त होता रहता है । ब्रह्मविद्या को प्राप्त करने के लिए पहले शिष्य को अनेक वर्ष तक एकान्त में गुरु की सेवा में रहना पड़ता था तब कहीं ब्रह्म-विद्या को सीख पाते थे । अब सहज तरीका इस लिए निकाला गया कि समय बदल जाने से अब पिछली रूढ़ियाँ काम नहीं दे सकतीं । लोग ब्रह्म विद्या को कठिन समझ कर या इस विद्या को सन्यासी ही प्राप्त कर सकते हैं ऐसा समझ कर सब कुछ छोड़ बैठे ।

ईश्वर प्राप्ति कठिन उस हालत में कही जा सकती है जब कि हमें सच्चा पथ-प्रदर्शक प्राप्त नहीं हो जाता । बिना सहयोगी के चलना ज़रूर असम्भव है । एक व्यक्ति के लिए एक मन वज़न लम्बे सफर में सिर पर उठा कर सफर तै करना कठिन है; लेकिन यदि अच्छा

शक्तिशाली सहयोगी हमें सहयोग देने वाला मिल जावे कि वह कुछ वजन हमारी शक्ति अनुसार हमें दे देवें और बाकी अपने सिर पर लाद कर हमें घर तक पहुँचा दे, तो वह चीज़ जो हमारे लिए असम्भव थी अब सहज हो गई । ऐसे सच्चे सहयोगी (पथ-प्रदर्शक) की आवश्यकता है । तरीके बतलाने वाले हज़ारों मिल जाते हैं, मगर सर पर बोझ लाद कर मदद करना कोई नहीं चाहते, तो वह हमारे लिए सहयोगी नहीं हो सकते । कोरी सफ़ाचट मैदान सी बातों से क्या होता है, हमें तो ऐसे सहयोगी की आवश्यकता है जो बोझ लादकर घर तक पहुँचा दे । रास्ता बतलाने वाले, तथा 'खड़े रहना मैं अभी आता हूँ' कह कर रास्ता नापने वाले हज़ारों मिलेंगे । निःस्वार्थी सम-दर्शी योगी ही हमारे जीवन की समस्यायें सुलझा सकते हैं । लेकिन अफ़सोस हमारी बन्दर-बुद्धि पर ! कहानी है कि किसी बग़ीचे में कई बन्दर घुस कर आमों का नाश कर डालते थे माली ने गोली चलाना शुरू किया, बन्दर अभिमान में आकर कहने लगे 'क्या आदमी ही आम के वृक्ष लगा सकते हैं, हम नहीं लगा सकते !' कुछ बन्दर आम की गुठली लेकर नदी किनारे गड्ढा खोद कर गुठली दबा आये, तथा दो चार मिनट के बाद ही वृक्ष न उगने पर परेशान हो गये और दो चार मिनट तक पानी डालते रहे तथा आपस में अफसोस कर कहने लगे, 'अभी तक तो अंकुर भी नहीं फूटा; अभी तक तो पत्ते भी नहीं निकले' । वही हाल आज हम लोगों का है कि सच्चा पथ-प्रदर्शक प्राप्त हो जाने पर भी ५-१० दिन तो अभ्यास उन के आदेशानुसार करते हैं, तथा २-४ दिन में ही ऊब कर कहने लग जाते हैं कि 'अभी तक तो चार भुजा वाले भगवान के दर्शन ही नहीं हुये, अभी तक तो कुछ भी चमत्कार दिखाई नहीं दिए ।' मैं तो यही कहूँगा कि पूरी श्रद्धा विश्वास द्वारा पूरा जिन्दगी भर अपने सद्गुरु के आदेशानुसार चले और जीवन के शेष दिन में १ क्षण पहले भी अगर प्रकाश मिल जावे और हमारे बनाये कालिमा के पर्दे टूट जावें तो बड़ा ही सहज है, क्यों कि शास्त्रों में बतलाया गया है कि अभ्यासी अगर स्वयं की शक्ति द्वारा चले तो एक हालत पार करने में १० हज़ार वर्ष लगते हैं तथा दूसरी में दुगने वर्ष !! अब विचार करने पर पता चलेगा कि इस जीवन में पथ-प्रदर्शक को कितना काम करना पड़ता है । सहज-मार्ग का प्रथम तरीक़ा आन्तरिक सफाई का

है जो प्राणाहुति (Transmission) की सहायता से सहज बन जाती है, और इस से सहज तरीका और हो भी क्या सकता है। अफ़सोस तो इस बात का है कि लोग चलना नहीं चाहते, अभ्यास (Practice) करना नहीं चाहते, सहज तरीक़ों को अपनाना नहीं चाहते। अगर हम उन सहज तरीकों को अपना कर दृढ़ता के साथ रास्ता तै करते, तो असम्भव शब्द का कभी भी प्रयोग नहीं करते!

लोग कह देते हैं कि मन बड़ा चंचल है और यह बात ठीक भी है कि मन बड़ा चंचल है, वश में होना कठिन है। किन्तु यह जानते हुए फिर भी लोग उसका उपाय नहीं करते। केवल 'रोग बहुत बुरा है' कह कर उस रोग का हम इलाज नहीं कराते, तो होगा यही कि वह दिनो दिन और बढ़ता चला जावेगा। कह देने मात्र से रोग दूर नहीं होता, उस का इलाज डाक्टरों वैद्यों द्वारा ही हो सकता है।

आप को अभ्यास बतलाया गया। दस बीस दिन किया भी; लेकिन आप को विश्वास नहीं होता कि मन चंचलता छोड़ देगा, और आप अभ्यास छोड़ देते हैं। यह अभ्यास का ही फल है कि लोग इतने बड़े भयकर जंगली जानवरों को जैसे शेर, चीते, हाथी, अजगर सर्प आदि को पकड़ लाते हैं तथा साधनों द्वारा उन को वश में कर लेते हैं। फिर कौन बड़ी बात है कि हम साधनों में लगे रहें और मन को धीरे धीरे वश में न कर सकें। अनजान व्यक्ति को जंगलों में जाने मात्र से ही भय लगेगा, लेकिन जिसने अपने Master (गुरु) की शरण लेकर उन सब को पकड़ने के तरीके सीखे हैं, और अभ्यास किया है तो उसके लिए भारी से भारी चीज भी सहज होगी। शेर को गोली का शिकार सहज ही बनाया जा सकता है, लेकिन मानव उस शेर को तो जिन्दा ही वश पकड़ कर लाता है, और वह कठिन चीज सहज बन गई! किन्तु हमारे लिए शेर तो क्या बन्दर पकड़ना भी कठिन है क्यों कि हम तरीक़ों से अनजान हैं। बन्दर का उदाहरण कितना अच्छा है। साधनों द्वारों बन्दर को पकड़ कर तरीकों से खूँटे में बाँध कर रखते हैं। कुछ दिनों तक खूँटों में बांधने से उसकी चंचलता कम हुई तथा सिखाया-पढ़ाया गया; गले से अब डोर भी खोल दी गई, इस लिए कि अब भागने का डर नहीं रहा।

अब बाज़ारों में ले जा कर नचाता है; जो आदेश देता है बन्दर उस का पालन करता है। उस बन्दर को इन्सान नचा रहा है जो बन्दर इन्सान को नचा मारते हैं। बन्दर की चँचलता चली गई, बाज़ारों में हज़ारों आदमियों के बीच में किसी को डराता नहीं, नुक़सान नहीं पहुँचाता, वृक्षों पर कूदने की इच्छा न रही, और बाजीगर के हाथ का खिलौना बन गया। अगर इन्सान चाहे तो उस मन को जो हमें बुरा लगता है अपने बश में कर सकता है; बड़ी बात नहीं। लेकिन बन्दरों की भाँति एक ही दिन में वृक्ष लगाकर आम खाने की तमन्ना न करे। सहज-मार्ग की पद्धति बड़ी सहज है। हम हृदय पर ध्यान (Meditation) करते हैं, हृदय मन को बाँधने का खूँटा है, तथा कुछ दिन के अभ्यास के बाद मन अपनी चँचलता छोड़ देना शुरू कर देता है। दिनों दिन मन एकाग्र होना शुरू हो जाता है; बाद में मन के हम स्वामी हो जाते हैं, जो हमारा जबरन ही स्वामी बन बैठा था। तथा अब मन धोखा दे देगा, यह भी भय नहीं रहा। अब ध्यान (Meditation) की भी आवश्यकता नहीं रहती, इस लिए कि यह तो मन को बाँधने का एक खूँटा था। जब मन अपनी चँचलता छोड़ दे तो भय नहीं रहता। योगियों की तरह हर जगह विचरण कर सकते हैं, मन धोखा नहीं देगा।

—:⊖:❀:⊖:—

❀ जाने क्या बात है, साक़ी, तेरे मैख़ाने में ❀

[परिव्राजक विष्णु जी_विष्णु स्वामी 'सदा']

हाँ, कोई बात न थी, उन से जो हम मिल बैठे,
दर्दे-दिल पैदा हुआ यूँ मेरे अनजाने में ॥१॥
उन की आँखों से ढले बूँद, तो छलकी प्याली,
हम ने पी पी के किये सिजदे सनमख़ाने में ॥२॥
मैं भी चुप, वह भी चुप, और रात भी चुप, चाँद भी चुप,
सब ही कुछ गुम हुआ बस एक ही पैमाने में ॥३॥
वह पिला दी मेरे साक़ी ने, न अब कुछ बाक़ी,
होश कुछ भी न रहा अपने व बेगाने में ॥४॥
ऐ 'सदा', दूर सभी रञ्जो—अलम होते हैं,
जाने क्या बात है, साक़ी, तेरे मैख़ाने में ॥५॥

विश्वास और बुद्धि

(कुमारी केसर चतुर्वेदी एम० ए०, एल० टी० लखीमपुर-खीरी)

"आओ कहाँ जा रहे हो ?" "शान्ति चाहता हूँ। बस केवल इतनी ही साध है ?" "तो आओ सच्चे पथ पर चल कर शान्ति के साथ २ जीवन का लक्ष्य भी प्राप्त करो ।"

"यह तो सभी कहते हैं परन्तु अभी तक ऐसा सम्भव नहीं हो सका है ।"

"हाँ यह तो तुम ठीक कहते हो । परन्तु यह तो बताओ कि जो ईश्वर किसी पथ का पोषक नहीं है, जो किसी विशेष वर्ग, जाति अथवा स्थान का प्राणी नहीं है उसको तुम किसी पथ के बंधन में रह कर कैसे प्राप्त कर सकते हो ।"

"तभी तो मैं कहता हूँ कि तुम व्यर्थ ही मुझे अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हो । मैं तो पहले से ही इन मत-मतान्तरों का खोखलापन जानता हूँ ।"

"परन्तु मैं तो तुम्हें किसी पथ पर चलने को नहीं कहता । मैं तो केवल इतना ही कहता हूँ कि 'ईश्वर' पर सब कुछ छोड़ दो । विश्वास, दृढ़ विश्वास का आँचल थाम लो, फिर वह तुम्हें स्वयं मेव ही अपने में लय कर लेगा, सारे संसार में भटकने से बचा लेगा ।"

"तुम्हारे कहने से क्या होता है । मैं तो उस पर पूर्ण विश्वास करता हूँ परन्तु फिर भी यही लगता है कि जैसे मैं ठीक पथ पर नहीं हूँ, मुझे खोज करना चाहिये ।"

"यही तो कारण है कि स्थान स्थान पर घूमने से भी तुम्हें परम-शान्ति का सुख नहीं मिला । तुम्हारा कथन तो यह है कि तुम 'उस' पर पूर्ण विश्वास करते हो, परन्तु तुम्हारा मस्तिष्क तुम्हारा साथ नहीं देता । बुद्धि अन्य मार्गों और पथों का अवलोकन करने को कहती है और तुम बुद्धि की आवाज को, पुकार को प्रधानता देते हो । फल यह होता है कि ईश्वर-मार्ग में लगी हृदय-डोर बुद्धि के झटके से टूट जाती है; और तुम पुनः विश्वास के मार्ग से डिग जाते हो, और अन्य अज्ञात पथों की खोज में प्रयत्नशील होते हो ।"

"मैं तो बुद्धि की आवाज को प्रधानता नहीं देना चाहता परन्तु वह फिर भी मेरी भावनाओं पर अधिकार कर लेती है, और विश्वास की भावना पर कुठाराघात करती है, इसका क्या कारण है ?"

"कारण तो स्पष्ट है। वह (बुद्धि) सांसारिक कामनाओं की पूर्ति चाहती है । वह ऐसे ईश्वर के विषय में विचार करना भी अप्रिय समझती है जहाँ उसे यह भय रहता है कि उसकी गम नहीं, उसकी गुजर नहीं । यह तो सर्व मान्य नियम है कि प्रत्येक अपने को विजयी बना कर रखना चाहता है, विजित होकर रहना किसी को प्रिय नहीं। अतः बुद्धि विश्वास का डेरा उखाड़ कर और तर्क का डेरा जमा कर मानव पर शासन करना चाहती है । यदि तुम भी इसी (बुद्धि) के राज्य में रह कर वास्तविक सुखों से दूर रहना चाहते हो तो मुझे कुछ भी नहीं कहना; परन्तु यदि तुम अविरल सुख, असीम उत्साह एवं परमानन्द की प्राप्ति चाहते हो तो इसके जाल से मुक्त होकर विश्वास के चरणों पर सर्वस्व लुटा दो अन्यथा एक नहीं, सहस्त्रों जन्म रोते-कलपते ही जावेंगे ।

"यदि इस बुद्धि को निष्क्रिय कर दिया जाये ?—नहीं; बुद्धि की निष्क्रियता प्राणी की उन्नति में बाधक है । ईश्वर द्वारा दी गई प्रत्येक वस्तु सजग और चेतन रह कर ही मनुष्य को आध्यात्मिकता के उच्च शिखर पर पहुँचा सकती है ।"

"तो इस बुद्धि को कैसे वशवर्ती किया जाये ? मैं तो अभी तक मन को ही दोषी ठहराता रहा और बुद्धि की ओर तो मेरा ध्यान भी नहीं था ।"

"बुद्धि को वशवर्ती करने का एक ही ढंग है कि ईश्वर पर प्रगाढ़ विश्वास करके कि उसके प्रत्येक कार्य-कलाप प्राणी के उपकार हेतु हैं, उसका सतत मनन किया जावे । चाहे कितनी ही बाधायें, कितने ही कष्ट, कितनी ही समस्यायें सम्मुख आवें, और बुद्धि तर्क बल से विश्वास को परे ढकेलने का यत्न करे परन्तु मन में विश्वास की डोर का आश्रय लेकर सभी विषय परिस्थितियों का सामना करना चाहिये । यह डोर ढीली नहीं होनी चाहिए, अन्यथा बुद्धि अपना कार्य प्रारंभ कर देगी। ज्यों ज्यों यह डोर शक्तिशालिनी होती जावेगी त्यों त्यों अखंड सुख शान्ति का साम्राज्य स्थापित होता जावेगा । 'सरल' को पाने के लिये हमें इसी सरल सहज मार्ग को अपनाना होगा तभी इस सँसार सागर से बेड़ा पार होगा, ईश्वरीय सम्मिलन का सुख प्राप्त होगा, सँसार दुःखागार होने के स्थान पर सुखागार दिखलाई देने लगेगा। सारे बँधन छिन्न-भिन्न हो जावेंगे और हम स्वतंत्र पथ पर विचरण करते हुये उस स्वतंत्र सत्ता में मिल जावेंगे, जिसके लिये वेद और शास्त्र 'नेति-नेति' कहते हैं ।"

वैराग्य

(कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी 'सन्ध्या', लखीमपुर–खीरी)

जोगी, तू मुक्ता मणि छोड़ रे !
मार्ग चलत अनगिनत लुभावत, सब सों ही मुख मोड़ रे ॥१॥
शाह की शाही चार दिनन की, पंडित पूरन कौन रे ।
ले हरदी की गाँठ पँसारी बनि न बैठु, चलु भौन रे ॥२॥
थोरेहिं जल उबरात तलैया, आतप सोखत नीर रे ।
सब सरितन्ह समेटि निसि बासर, सागर रहत गँभीर रे ॥३॥
पियत पपिहरा स्वाती बूँदन, रहत रटत पिव पीव रे ।
'सन्ध्या' बनी अतृप्त पिपासा, प्रभु मग हेरत जीव रे ॥४॥

—:❀❀❀:—

गुरु स्तवनम्

अद्वयतत्त्वसमाहितचित्तं प्रोज्जवलभक्तिपटावृतवृत्तम् ।
कर्मकलेवरमद्भुतरूपं यामि गुरुं शरणं भववैद्यम् ॥

—स्वामी विवेकानन्द

[मैं उन गुरुदेव की शरण प्राप्त करूँ जो भव रोग के वैद्य हैं; जिन का चित्त उस द्वैत–शून्य तत्त्व में लय प्राप्त कर चुका है; जिन का अस्तित्त्व अत्यन्त उज्जवल भक्ति के पर्दे से ढँका है; जिन का कर्मरत शरीर अद्भुत कार्यों में सचेष्ट है]

[May I find the refuge of the Preceptor Lord, who is the physician of the ailments of Becoming; whose mind is merged in the Element devoid of duality; whose existence is covered by the veil of blotless devotion; whose active body is busy in miraculous pursuits.]

The Problem: Its Solution.

(Shri Ram Chandra ji, President S. R. C. Mission)

When the soul put on the clothing of body, then alone its reverse form appeared in the form of covering. That is, all this thing became a rope which had come in its own form having developed many knots. Dear brother, along with the soul we have revived its reverse form in the beginning itself. Have you not seen that the flare is doubled by the union of fire and water; and that if the air enters in it then it begins even to flash, and the flare too grows on proportionately ? What is this flare ? These are different actions of Prakriti which are created on the force of soul. Now in these things, that is the play of earth, air, water and fire which came before the vision, the vision never went towards that which was The Real Thing. Just imagine. What created in them due to their wrong use a condition that the Real Thing whose action was behind the veil did not come up before the vision ? Neither it could be understood as to Why That had to do such action whose result was destruction. The cause of the action was that The Real Thing along with that Will (of creating the World) got mixed up with the Will of Self to create the world. Now, the thought of multiplicity (that is, the creation of Srishti) is the reverse of Oneness, or these two things are opposite to one another in a way. In other words this other thing which is said to have been made out of the effect of the Will is grosser than its Original. But both

these things came so closely joined together that these jointly accelerated the thought (the thought of the Creation of Srishti); and similarly their action was also likewise to that which happens by the union of fire and water.

